हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, शिव-पार्वती विवाह की कथाओं ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध 11



नियमित योग से बढ़ेगी धैर्य व सहनशीलताः एसडीएम 11



**खबर संक्षेप**

### योग प्रशिक्षण शिविर शुरू

**सतनाली मंडी।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के तत्वावधान में उपायुक्त के निर्देशन में सतनाली में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। डॉ. अर्चना, डॉ. रमेश भालोढिया ने बताया आमजन को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। प्रशिक्षण शिविर में गीता बहन ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 14 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल की मासिक बैठक 14 जून (रविवार) को सुबह 10 बजे किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचंद शर्मा करेंगे। संगठन के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के अलावा शहर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जानलेवा हमले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए महेंद्रगढ़ ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपित रविन्द्र निवासी खत्रीपुर हाल आबाद अटेली मंडी को गिरफ्तार किया है, जो काफी समय से फरार चल रहा था। सीआईए ने आरोपित को 10 जून को अटेली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपित वारदात को अंजाम देने की साजिश में संलिप्त था।

### बिजली बिल समाधान शिविर आज

**नारनौल।** बिजली उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया जाएगा। यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 10 बजे से दोपहर 11 बजे तक चलेगा। जिसमें शहरी व ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे।

### बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में योग कल

**नारनौल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में 13 जून को बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल, पटीकरा (नारनौल) में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला ने बताया कि हरियाणा आयुष विभाग के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त अनुपमा अंजलि के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## अटेली सीएचसी बनेगा 50 बेड का उपमंडल अस्पताल

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

- विशेषज्ञ डॉक्टर, आधुनिक उपकरण और बेहतर सुविधाएं होंगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने आज महेंद्रगढ़ जिले के अटेली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के अपग्रेडेशन और संचालन को मजबूत करने के लिए 'मेदांता फाउंडेशन–पुअर एंड नीडी पेशेंट्स वेलफेयर ट्रस्ट' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे अटेली क्षेत्र के लोगों को जल्द ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इन हस्ताक्षरों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस समझौते के तहत अटेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को 50 बेड के उपमंडल अस्पताल के रूप में विकसित किया जाएगा। चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और मेदांता फाउंडेशन के चेयरमैन डा. नरेश त्रेहान ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस पहल को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के माध्यम से ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा तथा लोगों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।



**नारनौल।** एमओयू साइन करने उपरांत फाइलें आदान–प्रदान करते स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव एवं डा. नरेश त्रेहान। *फोटो : हरिभूमि*

### ऑपरेशन थिएटर से लेकर अल्ट्रासाउंड तक की सुविधा

समझौते के तहत मेदांता फाउंडेशन अटेली अस्पताल में सिजेरियन सेक्शन के लिए समर्पित ऑपरेशन थिएटर स्थापित करेगा। इसके अलावा लेबर रूम का आधुनिकीकरण, अल्ट्रासाउंड और अन्य आधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरणों की स्थापना की जाएगी। मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के साथ-साथ एनीमिया स्क्रीनिंग क्लीनिक भी स्थापित किया जाएगा।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता होगी सुनिश्चित

परियोजना के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट और रेडियोलॉजिस्ट जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग, पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक टेस्टिंग, नवजात शिशुओं के लिए कंगारू मदर केयर, एंबुलेंस सुविधा तथा नियमित स्वास्थ्य जागरूकता एवं आउटरीच कैंप भी संचालित किए जाएंगे।

### तीन साल का समझौता, आगे भी बढ़ सकता है

अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि यह समझौता प्रारंभिक तौर पर तीन वर्षों के लिए किया गया है, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस व्यवस्था के तहत स्वास्थ्य विभाग भवन, दवाइयां, लैब और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, जबकि मेदांता फाउंडेशन तकनीकी विशेषज्ञता, आधुनिक उपकरण, प्रशिक्षण और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग देगा।

### यह बोली स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस एमओयू को प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने सरकार और मेदांता के इस सहयोग की सराहना करते हुए बताया कि यह सहयोग सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार होगा और लोगों को अपने घर के नजदीक ही बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी।

### यह बोले डॉ. त्रेहान

मेदांता फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ नरेश त्रेहन ने बताया कि इस समझौते के तहत मेदांता फाउंडेशन अटेली में एक समर्पित सिजेरियन सेक्शन ऑपरेशन थिएटर की स्थापना, लेबर रूम का नवीनीकरण, अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक उपकरणों की स्थापना के साथ-साथ मातृ एवं नवजात देखभाल सेवाओं को मजबूत करने और एक एनीमिया स्क्रीनिंग क्लिनिक स्थापित करने में पूरा सहयोग देगा।

### रोज कमाने-खाने वाले कर्मचारियों पर गहराया आर्थिक संकट

## 3 माह से नहीं मिला वेतन, हड़ताल पर गए कूड़ा वाहन चालक, सफाई प्रभावित

- कई वार्डों में घरों से नहीं उठा कचरा, लोगों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी संभाल रहे डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण वाहनों के चालक वेतन नहीं मिलने के विरोध में गुरुवार को अचानक हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है, जिस कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल का असर सीधे तौर पर शहर की सफाई व्यवस्था पर दिखाई दिया और कई क्षेत्रों में घरों से कूड़ा नहीं उठ सका।

सुबह धरने पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि वे रोज सुबह से लेकर शाम तक शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन लगातार तीन महीने से वेतन नहीं मिलने से परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, राशन, किराया और अन्य घरेलू खर्चों का बोझ बढ़ता जा रहा है। कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें उधार लेकर घर चलाना पड़ रहा है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार कंपनी प्रबंधन को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। मजबूरी में उन्हें काम बंद कर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। उनका कहना है कि वे शहरवासियों को परेशानी नहीं देना चाहते, लेकिन अपने अधिकारों और परिवार के भविष्य के लिए आवाज उठाना भी जरूरी हो गया है।

उल्लेखनीय है कि करीब तीन माह पहले गत 20 मार्च को क्लासिक मैन पावर कंपनी ने नारनौल शहर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य संभाला था। नई व्यवस्था शुरू होने पर लोगों को उम्मीद थी कि शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। वर्तमान में इस कार्य के लिए करीब 31 टेंपो, एक ई रिक्सा, पांच ट्रैक्टर, दो लोडर और लगभग 50 चालक व अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं।

हड़ताल के चलते अधिकांश वाहन सड़कों पर नहीं उतर सके। इसके कारण शहर के कई वार्डों में घरों से कचरा नहीं उठ पाया। लोगों को अपने घरों में ही कूड़ा जमा रखना पड़ा, जबकि कुछ स्थानों पर सार्वजनिक जगहों और गलियों में कूड़ा पड़ा दिखाई दिया। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो गर्मी के मौसम में दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी की ओर से पेट्रोल पंप संचालकों का भुगतान नहीं किए जाने के कारण कई पेट्रोल पंपों ने वाहनों को ईंधन देने से मना कर दिया है। इससे भी कूड़ा संग्रहण व्यवस्था प्रभावित हुई है।


**नारनौल।** काम छोड़ हड़ताल पर बैठे ड्राइवर। *फोटो : हरिभूमि*

### तीन घंटे चली हड़ताल

सवेरे हड़ताल पर बैठे ड्राइवरों से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य में लगी कंपनी एवं नगर परिषद अधिकारियों ने बात की तथा उन्हें शीघ्र समस्या का समाधान कराने एवं वेतन जारी करने का आश्वसान दिया। इस पर हड़तालियों ने हड़ताल खत्म कर दी। हड़ताल करीब तीन घंटे तक रही। इस दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी की और अधिकारियों पर जमकर भड़ास निकाली।

### यह बोले कंपनी सुपरिटेंडेंट

*क्लासिक मैन पावर कंपनी के सुपरिटेंडेंट संजय कुमार उर्फ संजू ने बताया कि कंपनी ने 20 मार्च से नारनौल में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य संभाला था और तब से लगातार सेवाएं दे रही है। उन्होंने कहा कि शुरुआत में कर्मचारियों के खातों में 7500-7500 रुपये डाले गए थे, ताकि काम प्रभावित न हो। कंपनी ने नगर परिषद को करीब 47 लाख रुपये के बिल जमा कराए हुए हैं, जिनका भुगतान अभी लंबित है। जैसे ही बिलों की राशि प्राप्त होगी, कर्मचारियों का पूरा बकाया वेतन जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सोमवार या मंगलवार तक भुगतान होने की संभावना है। साथ ही बताया कि आगे के बिल ऑनलाइन प्रक्रिया से पास होंगे, जिससे भविष्य में इस तरह की समस्या नहीं आएगी।*

## यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरटीए की कार्रवाई


**नारनौल।** चालकों व परिचालकों को निर्देश देते आरटीए मनोज कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

क्षेत्र में अवैध व नियमों के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर नकेल कसने के लिए वीरवार को जिला परिवहन अधिकारी कम सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण मनोज कुमार के नेतृत्व में बसों की चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नारनौल से महेंद्रगढ़ मार्ग पर संचालित हो रही निजी व सहकारी परिवहन समितियों की चार बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो बसों में कमियां पाई गईं, जिस पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत नियमानुसार चालान व अन्य कानूनी कार्रवाई की गई। आरटीए मनोज कुमार ने चेकिंग के दौरान बसों में सफर कर रहे बुजुर्गों, स्कूली छात्रों व महिला यात्रियों से बातचीत कर यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही मौके पर मौजूद सभी बस संचालकों, चालकों और परिचालकों को निर्देश दिए कि वे बसों का संचालन निर्धारित समय सारणी के अनुसार ही करें। गाड़ी के सभी आवश्यक दस्तावेज व कागजात हमेशा पूर्ण रखें। यात्रियों के साथ शालीन और अच्छा व्यवहार करें। सरकार की ओर से जारी सभी नियमों व शर्तों का कड़ाई से पालन करें। यात्रियों की सुरक्षा व सुगम सफर सुनिश्चित करने के लिए आने वाले भविष्य में भी इस प्रकार के औचक चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## उपचार के लिए अस्पताल लाए दो बंदियों में झगड़ा, पुलिस ने संभाली स्थिति

**नारनौल।** जिला नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाए गए दो बंदियों के बीच शुरू हुआ आपसी विवाद झगड़े में तब्दील हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस गार्ड की सतर्कता से स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया और किसी प्रकार की बड़ी अप्रिय घटना नहीं हुई। बाद में दोनों बंदियों का उपचार करवाकर उन्हें वापस जिला जेल नसीबपुर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार जिला जेल नसीबपुर में बंद प्रदीप कुमार निवासी गांव गहली तथा निर्देश निवासी गांव हमीदपुर की तबीयत खराब होने पर उन्हें उपचार के लिए सामान्य अस्पताल नारनौल लाया गया था। अस्पताल में चिकित्सकीय जांच के दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए दोनों बंदियों को अलग कर दिया और स्थिति को शांत कराया। घटना के चलते अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल बन गया, लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण मामला आगे नहीं बढ़ पाया। इसके बाद चिकित्सकों ने दोनों बंदियों का उपचार किया और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराईं। उपचार पूरा होने पर पुलिस गार्ड दोनों को सुरक्षा के बीच वापस जिला जेल नसीबपुर लेकर गई।

## अटेली में आंधी-बारिश व ओलावृष्टि से बदला मौसम, गर्मी से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र में गुरुवार सायं मौसम ने अचानक करवट ले ली, जिससे पूरे क्षेत्र में गर्मी से राहत का माहौल बन गया। करीब सायं चार से पांच बजे के बीच तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई और कुछ स्थानों पर हल्की ओलावृष्टि भी देखने को मिली। मौसम के इस अचानक बदलाव से लोगों को दोपहर तक पड़ रही तेज धूप और उमस से काफी राहत मिली। दोपहर के समय जहां लोग भीषण गर्मी और चिपचिपी उमस से परेशान थे, वहीं सायं होते-होते मौसम सुहावना हो गया। बारिश और ठंडी हवाओं के चलते तापमान में लगभग दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। सायंकाल के समय वातावरण ठंडा और खुशनुमा बना रहा, जिससे लोगों ने खुली हवा में राहत महसूस की और बाजारों में भी हलचल बढ़ गई। हालांकि तेज हवाओं के कारण कुछ समय के लिए जनजीवन प्रभावित भी रहा। कई स्थानों पर धूलभरी हवाएं चलने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, कुछ क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि से किसानों में चिंता और राहत दोनों के भाव देखने को मिले। किसानों का कहना है कि यह बारिश फसलों के लिए लाभकारी साबित हो सकती है खासकर गर्मी से जूझ रही फसलों को इससे संजीवनी मिलेगी। कुल मिलाकर मौसम में आए इस बदलाव ने अटेली क्षेत्र के लोगों को गर्मी से बड़ी राहत दी और वातावरण को खुशगवार बना दिया।


**मंडी अटेली।** अनाज मंडी में बारिश के साथ ओले गिरते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए निर्देश

## आंगनवाड़ी केंद्र सरकारी स्कूलों में शिफ्ट करने की कवायद तेज, कई स्कूलों में जगह की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशों के तहत महेंद्रगढ़ जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों को प्राथमिक और माध्यमिक सरकारी स्कूलों के परिसरों में सह-स्थानांतरित करने की कवायद तेज हो गई है। इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी नारनौल द्वारा एक महत्वपूर्ण आधिकारिक आदेश जारी किया गया है।

### दो दिन में मांगी गई रिपोर्ट, कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई

*जारी किए गए सरकारी पत्र के अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी की अनुशंसा पर जिले के 38 आंगनवाड़ी केंद्रों को उनके नजदीकी स्कूल भवनों में शिफ्ट करने के लिए चिन्हित किया गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने ब्लॉक से संबंधित विद्यालयों में दो दिन के भीतर इन केंद्रों को शिफ्ट करवाना सुनिश्चित करें और इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट मुख्य कार्यालय में भिजवाएं।*

### कई स्कूलों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, 'नो रूम अवेलेबल' की टिप्पणी

*विभागीय सूची से यह भी खुलासा हुआ है कि सभी चिन्हित स्कूलों में स्थिति एक जैसी नहीं है। कई स्कूलों में आंगनवाड़ी केंद्रों को चलाने के लिए पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर अर्थात कमरे या भवन उपलब्ध नहीं है। आधिकारिक सूची के रिमार्क कॉलम में कई जगहों पर स्पष्ट रूप से कमरा उपलब्ध नहीं है दर्ज किया गया है। नांगल चौधरी ब्लॉक के मंढाणा, बायल, गोलवा, पांचनौता, अमरपुरा और मोहनपुर जैसे कई गांवों के स्कूलों में भी कमरे उपलब्ध न होने की बात कही गई है। नारनौल ब्लॉक के थान, रामबास और पटीकरा के स्कूलों में भी इन्फ्रास्ट्रक्चर या कमरों की कमी का जिक्र है।*

### क्या होगा अगला कदम

जिन स्कूलों में कमरे उपलब्ध नहीं हैं, वहां शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को या तो वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी या फिर एस्टीमेट तैयार कर नए कमरों के निर्माण की मंजूरी लेनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी डीडीओ से इस संबंध में व्यवहार्यता रिपोर्ट मांगी है ताकि जहां जगह नहीं है, वहां नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

## खबर संक्षेप

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत लगाए पैधे

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में रुद्राक्ष, बारह मास, प्लास एवं कचनार जैसे 21 पौधे विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के प्रांगण में रोपित किए गए।

### सरेली में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**नारनौल।** नोकिया स्मार्टपुर परियोजना के अंतर्गत नोकिया सीएसआर के सहयोग से ऋचा संस्था की ओर से ग्राम सरेली में स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें उनके गांव के निकट ही आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिगोपुर के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी भानु प्रताप व उनकी चिकित्सकीय टीम राजेश एनओ, राजवीर एमपीएचएस, राजबीर, एमपीएचडब्ल्यू, संतोष एएनएम ने सेवाएं दी।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव बजाड़ के निकट बीती रात्रि एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें करीब 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना रात्रि करीब 11 बजकर 40 मिनट की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस चौकी नारनौल के इंचार्ज कैलाश चंद शर्मा अपनी टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार यह हादसा पोल नंबर 28/24-26 के पास हुआ। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नारनौल के सिविल अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है।

### हुड्डा पार्क में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शुरू

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त के मार्गदर्शन तथा एसडीएम श्री योगेश सैनी के निर्देशन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रथम दिन लगभग 220 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया।

### गलत बिजली बिलों पर प्रशासन से की शिकायत

**महेंद्रगढ़।** सामाजिक कार्यकर्ता बलवान फौजी ने मंगलवार को एसडीएम योगेश सैनी और बिजली विभाग के एक्सईएन रणवीर सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, विशेषकर बिजली उपभोक्ताओं को आ रहे भारी-भरकम बिलों का मुद्दा उठाया। बलवान फौजी ने बताया कि गांव नंगला के एक किसान को करीब 6 लाख रुपये तथा गांव सिगड़ा के राज सिंह फौजी को लगभग 95 हजार रुपये का बिजली बिल भेजा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी खामियों के कारण उपभोक्ताओं को गलत बिल मिल रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद समय पर समाधान नहीं हो रहा।

### समाधान शिविर से प्रशासन जनता के बीच विश्वास मजबूत

**महेंद्रगढ़।** लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय के कोर्ट रूम में वीरवार को डीसी अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार भी मौजूद रहे। समाधान शिविर के दौरान उपायुक्त अनुपमा अंजली ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में कुल 30 शिकायतें पंजीकृत की गई।

---

### कथा व्यास आचार्य रघुराज शास्त्री ने धर्म, भक्ति और समर्पण का दिया संदेश

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, शिव-पार्वती विवाह की कथाओं ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

**आचार्य ने बताया कि पृथ्वी पर बढ़ते अधर्म और कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। कथा सुनाते आचार्य रघुराज शास्त्री व भजनों पर झूमते गाते श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

मोती नगर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कथा व्यास आचार्य रघुराज शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म, भगवान शिव व माता पार्वती के पावन विवाह तथा भगवान वामन अवतार की कथाओं का अत्यंत भावपूर्ण एवं रोचक वर्णन किया। कथा आयोजक डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि कथा के दौरान आचार्य रघुराज शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ गया तथा कंस के अत्याचारों से प्रजा त्रस्त हो गई, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वसुदेव के पुत्र के रूप में श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। उन्होंने बताया कि भगवान का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि धर्म की पुनर्स्थापना और मानवता के कल्याण का संदेश है। कथा व्यास रघुराज शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के समय कारागार में घटित दिव्य घटनाओं, वासुदेव द्वारा यमुना पार कर नंदगांव पहुंचने तथा बालकृष्ण की लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके उपरांत आचार्य ने भगवान शिव व माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि यह विवाह त्याग, तपस्या, समर्पण और सच्चे प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। उनकी अटूट श्रद्धा और भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें स्वीकार किया। शिव व पार्वती विवाह का वर्णन सुन श्रद्धालु भक्तिरस में डूब गए। कथा के अगले प्रसंग में भगवान विष्णु के वामन अवतार का वर्णन करते हुए आचार्य ऋषुराज शास्त्री ने बताया कि राजा बलि अत्यंत दानी और पराक्रमी थे, लेकिन उनके भीतर अहंकार का भाव उत्पन्न होने लगा था।

#### अहंकार त्यागने का दिया संदेश

श्रद्धालुओं से जीवन में अहंकार का त्याग कर भक्ति, सेवा और सदाचार को अपनाने का आह्वान किया। आयोजक मंडल की ओर से मुरारीलाल शर्मा, राजकुमारी शर्मा व अजय शर्मा, जय भगवान ने कथा में पहुंच रहे श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और भगवान की कृपा से कथा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से कथा के आगामी दिनों में भी कथा के समापन पर संगीतमय भजनों, आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीताराम अग्रवाल, बनवारी लाल शर्मा एडवोकेट, कृष्ण कुमार एडवोकेट, विपिन शर्मा, दलजीत शास्त्री, महावीर प्रसाद सैनी, बिट्टू निवाजनगर, रीना शर्मा, मोहिनी, मुखराम सैनी, कंचन, हरिओम शर्मा, परी, बिमला यादव आदि मौजूद रहे।

---

## कॉलेज में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। योगासन करता कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया तथा योग के विभिन्न आयामों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के योग क्लब प्रभारी प्रोफेसर डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह ने योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी सशक्त साधन है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को तनावमुक्त जीवन जीने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायता करता है।

## कृषि वैज्ञानिकों ने दिया उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग और प्राकृतिक खेती का सुझाव

**नारनौल।** केंद्र सरकार की 12 साल की उपलब्धियों पर आधारित प्रदेश भर में सात जून से 20 जून तक चल रहे व्यापक प्रचार प्रसार अभियान के तहत उप कृषि निदेशक कार्यालय के प्रांगण में वीरवार को किसान क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के कृषि विशेषज्ञों व प्रगतिशील किसानों ने मिलकर आधुनिक कृषि की चुनौतियों और उनके समाधान पर गहरा मंथन किया। इस संगोष्ठी में किसानों को उर्वरकों के विवेकपूर्ण उपयोग, खेत बचाओ अभियान, प्राकृतिक कृषि पद्धतियों तथा फर्टिलाइजर सेल एप्लीकेशन सिस्टम की तकनीकी बारीकियों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ. देवेंद्र सिंह ने कृषक समुदाय का आह्वान किया कि वे अंधाधुंध रासायनिक खादों के प्रयोग से बचकर मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर ही संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का प्रबंधन करें।



नारनौल। किसान क्लब की बैठक में संबोधित करते डॉ. देवेंद्र सिंह व डॉ. हरपाल।



कनीना। गांव रसूलपुर में टीबी जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सा अधिकारी।

## 139 संभावित टीबी मरीजों की जांच

**कनीना।** गांव रसूलपुर पंचायत घर में टीबी जांच शिविर लगाया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. हनुमान के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लोकेश, एसटीएस पवन कुमार, टीबीएचवी युद्धवीर, स्वास्थ्यकर्मी संदीप यादव ने 139मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग की। इनमें से 19 टीबी सम्भावित मरीजों के बलगम के सैंपल लेकर उनको जांच के लिए उप नागरिक अस्पताल में भेजे गए। शिविर में आए सभी मरीजों की एचबी, बीपी और शुगर की जांच की तथा जांच उपरांत उनको दवाइयां दी गई। शिविर के समापन पर स्वास्थ्य सुपरवाइजर शीशराम यादव, एसटीएस पवन कुमार, टीबीएचवी युद्धवीर, स्वास्थ्यकर्मी संदीप यादव के साथ टीबी के मरीजों के घर पर विजिट करके उनके स्वास्थ्य का हाल चाल जाना। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी संदीप व एसटीएस पवन ने बताया कि टीबी की बीमारी नियमित और समय से दवाई लेने से बिल्कुल ठीक हो जाती है। उन्होंने बताया कि फेफड़ों की टीबी में छह माह दवा का पूरा कोर्स लेने से मरीज पूरी तरह ठीक हो जाता हैं।

## जिला रेडक्रॉस के इंटर्नशिप छात्रों ने किया वन स्टॉप सेंटर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। वन स्टॉप सेंटर में सुविधाओं की जानकारी लेने आए इंटर्नशिप छात्र।

जिला रेडक्रॉस कार्यालय में इंटर्नशिप के लिए आए विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान व सामाजिक जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरे के तहत टीबी कोऑर्डिनेटर शोभा रानी के नेतृत्व में सभी इंटर्नशिप छात्रों ने स्थानीय वन स्टॉप सेंटर (सखी) केंद्र का दौरा किया।

इस दौरान टीम ने केंद्र की कार्यप्रणाली को समझा और वहां पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली विभिन्न आवश्यक सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वंदना यादव ने विद्यार्थियों का स्वागत किया व उन्हें केंद्र के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वन स्टॉप सेंटर हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की मदद देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने छात्रों को समझाया कि यहां आने वाली पीड़ित महिलाओं को तत्काल रूप से आपातकालीन सहायता और बचाव सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

---

### योग स्वस्थ जीवन जीने की शुरुआत है: उदय सिंह

# नियमित योग से बढ़ेगी धैर्य व सहनशीलता: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। योग करते एसडीएम उदय सिंह व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के उद्देश्य से खंड नांगल चौधरी में 11 से 13 जून तक चल रहे तीन दिवसीय खंड स्तरीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का वीरवार को एसडीएम उदय सिंह ने शुभारंभ किया। अशोक कुमारी, ललित व अशोक कुमार ने प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। एसडीएम उदय सिंह ने कहा कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की शुरुआत है। खंड के हर गांव, स्कूल और पंचायत तक योग का संदेश पहुंचे, इसके लिए सरकार ने योग व्यायामशालाएं बनवाकर उनमें योग सहायक और योग प्रशिक्षक नियुक्त किए हैं। आमजन को अपने गांव व आसपास की व्यायामशाला में आयुष विभाग के योग सहायकों से योग सीखकर नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। नियमित योग अभ्यास करने से काम क्रोध लोभ मोह ईर्ष्या आदि मनोविकार नष्ट होकर धैर्य एवं सहनशीलता में अप्रत्याशित वृद्धि होती है। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार ने कहा कि आम जनता को योग दिवस पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाना चाहिए तथा प्रतिदिन योगाभ्यास करना चाहिए।

#### आयुष मंत्रालय का प्रोटोकॉल सिखाया जाएगा

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि तीन दिन चलने वाले इस शिविर में आयुष मंत्रालय की ओर से जारी कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों, पंचायत सदस्यों एवं जन प्रतिनिधियों के साथ साथ आम जनता से भी अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में भाग लेकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य व दिव्य तरीके से मनाने की अपील करते हुए सभी आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया।

---

## न्यूज डायरी



### आईजीयू और गीता ज्ञान संस्थान के बीच हुआ एमओयू

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी और गीता ज्ञान संस्थान (जीआईईओ गीता), कुरुक्षेत्र के बीच गीता के प्रचार-प्रसार को लेकर समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय की तरफ से कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी और जीआईईओ गीता की ओर से स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य गीता आधारित शिक्षा, शोध और अकादमिक गतिविधियों को नई गति देना है। इसके साथ ही भगवद्गीता के शाश्वत ज्ञान को अकादमिक जगत से जोड़ते हुए विद्यार्थियों, शोधार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाना है।



### खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं हों उपलब्ध: डीसी

**महेंद्रगढ़।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने वीरवार को महेंद्रगढ़ में खेल स्टेडियम के नवीनीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम योगेश सैनी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने खेल स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओं का जायजा लिया तथा खिलाड़ियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्टेडियम के ट्रैक पर आवश्यकतानुसार मिट्टी डलवाने, खिलाड़ियों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शौचालयों की साफ-सफाई एवं रखरखाव को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।



### सिहमा जोतराम धाम में 21 दिवसीय तपस्या संपन्न

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सिहमा स्थित जोतराम धाम में जनकल्याण के लिए आयोजित 21 दिवसीय ग्यारह धूणी अग्नि तपस्या का समापन बुधवार रात्रि को भंडारा एवं भव्य रात्रि जागरण के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आस्था का परिचय दिया। भीषण गर्मी के बावजूद 21 मई से शुरू हुई यह तपस्या लगातार 21 दिनों तक चली। तपस्या के दौरान भगत संजय ने प्रतिदिन दोपहर सवा 11 बजे से सवा दो बजे तक अपने चारों ओर ग्यारह धूणे जलाकर कठिन साधना की।



### रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

**मंडी अटेली।** अटेली मंडी रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर दैनिक रेलयात्री जागरूक मंच, नारनौल-अटेली के पदाधिकारियों ने स्टेशन अधीक्षक के नाम पर ज्ञापन सौंपकर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। मंच के प्रधान अशोक कटारिया ने बताया कि अटेली स्टेशन पर रुणिचा एक्सप्रेस, चेतक एक्सप्रेस और टनकपुर-दोराई एक्सप्रेस जैसी कई आरक्षित ट्रेनें ठहरती हैं, लेकिन यहां आरक्षण टिकट खिड़की की व्यवस्था नहीं है। इससे यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को टिकट बुकिंग में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### सुरेश चंद्र सरोहा को लोजपा का राज्य सचिव बनाने पर स्वागत

**महेंद्रगढ़।** शहर की कर्मचारी कॉलोनी में स्थित सामुदायिक केंद्र में लोक जनशक्ति पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान ब्रह्मानंद वाल्मीकि ने की। पार्टी के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सभरवाल नेतृत्व के निर्देशानुसार सुरेश चंद्र सरोहा को राज्य सचिव नियुक्त किए जाने पर उनका पगड़ी एवं मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। जिला प्रधान बह्मानंद वाल्मीकि ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पार्टी ने सुरेश चंद्र सरोहा को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की पहल

**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन व हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से विधवा महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी व सशक्त बनाने के लिए तीन लाख रुपये तक की ऋण योजना चलाई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समाज में सम्मानजनक आजीविका कमाने के अवसर प्रदान करना है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से इस योजना के तहत महिलाएं अपना व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकती हैं।

10th & 12th (NIOS)
ओपन से पास करें।
O.R. GROUP OF INSTITUTIONS

#### नोटिस

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सब रजिस्ट्रार अटेली के कार्यालय में श्रीमती चन्द्रमणी पुत्री सोना देवी, हाल पत्नी रामअवतार खैरवाल निवासी आई.टी. आई रोड महेन्द्रगढ ने एक वसीयतनामा पंजीकरण करवाने के लिए प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है, जोकि निम्न प्रकार से है:-

मनके श्रीमती सोना देवी विधवा सूरत सिंह पुत्र श्री महाराम जाति अहिर उम्र 70 साल वासी ग्राम बजाड तहसील अटेली जिला महेन्द्रगढ बिस्वेदार हाउसिंग बोर्ड कालोनी नसीबपुर तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा की है:-

"जे कि मिकरा की एक किता जायदाद मकान हाउसिंग बोर्ड कालोनी नसीबपूर तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ में हाउसिंग बोर्ड स्कीम 71 MIG के तहत आराजी एरिया 70.35 वर्ग गज जिसमें दो कमरे, रसोई, लेट्रिंग बाथरुम वगैरा पुख्ता बने हुए है जो मिकरा को अलाटमेंट के द्वारा किया हुआ है जिसके हाउस अलीकेशन रजि. नं 35/MIG के द्वारा अलाट शुदा है जिसकी मिकरा वाहीद मालिक काबिज चली आ रही है। तथा अब मिकरा 70 साल की वृद्ध हो रही है। जिन्दगी का कोई भरोसा ना रहा हैं। मिकरा के मरने के बाद मेरे वारसान मे कोई वाद विवाद ना हो इसलिए अपनी जायदाद हाउसिंग बोर्ड कालोनी नारनौल (नसीबपुर) में 71 MIG के तहत जायदाद मकान मिला हुआ है जिसकी वसीयत अपने राज खूशी लडकी चन्द्रमणी के हक में करवाना चाहती हूं। मिकर के चार औलाद पैदा हुई दो लडके, दो लडकिया। मेरा बडा लडका जयदयाल अपने नाना के (यानि मेरे पिता) ने गोद ले लिया जिसको अपनी माता मा की आराजी में कोई हक व हिस्सा ना होगा। बाकी तीन बच्चों की शादियां कर दी है। तथा इस मकान के अलाटमेंन्ट का पुरा खर्चा चन्द्रमणी ने उठाया है जिसकी तमाम किस्तो की अदायगी चन्द्रमणी ने की तथा चन्द्रमणी की शादी रामौतार खैरवाल के साथ कस्बा महेन्द्रगढ में हुई तथा इस मकान हाउसिंग बोर्ड कालोनी नसीबपुर तहसील नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ की वसीयत बहक श्रीमती चन्द्रमणी पुत्री सुरत सिंह पुत्र महाराम वासी बजाड तहसील अटेली जिला महेन्द्रगढ हाल आबाद श्रीमती चन्द्रमणी पत्नी श्री रामौतार खैरवाल वासी आई.टी.आई रोड महेन्द्रगढ लिख देती हु कि मेरे जीवित समय तक इस जायदाद की मालिक रहूंगी तथा मेरे मरने के बाद मेरी लडकी चन्द्रमणी मालिक काबिज होगी बाकी मेरे वारसान लडका जसवंत व पुत्री इन्द्रमणी का इस मकान से कोई तालुक ना होगा। मिकरा की पहली तथा आखिरी वसीयत है जो मैंने अपने परिवार में बैठकर लिखाई है पुरे परिवार की सहमति से लिखवाई है। तैयारकर्ता श्री रामअवतार खैरवाल एडवोकेट सिविल कोर्ट महेन्द्रगढ़।"

उक्त वसीयतनामा के पंजीकरण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज है तो दिनांक 15.07.2026 तक अपने एतराज वकालतन/असालतन इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

हस्ता/- संयुक्त सब-रजिस्ट्रार / सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी अटेली।

## खबर संक्षेप

### व्यापार मंडल के प्रधान व उपप्रधान का अभिनंदन

**नांगल चौधरी।** अनाज मंडी में व्यापारी नेता बिक्रम मंढानिया की अध्यक्षता में व्यापारियों की बैठक हुई, जिसमें व्यापार मंडल के नवनियुक्त प्रधान प्रहलाद पहलवान व उपप्रधान मोतीलाल सेठ का अभिनंदन किया गया। इस दौरान व्यापारियों की समस्याओं पर मंथन करके समाधान की रूपरेखा बनाई। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्रधान प्रहलाद पहलवान लंबे समय से व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने हमेशा पारदर्शी व्यापार व्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया है तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर आवाज उठाई है।

### पूर्व एसईपीओ कौशिक का आकस्मिक निधन

**महेंद्रगढ़।** प्रमुख समाजसेवी एवं भूतपूर्व समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी रघुबीर प्रसाद कौशिक का 84 वर्ष की आयु में उनके पैतृक गांव झगडोली में स्वर्गवास हो गया।



सन 2000 में सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपना ध्यान सामाजिक सेवाओं पर केंद्रित किया। उनके निधन पर गांव के सरपंच दिनेश सोनी, ब्राह्मण सभा के प्रधान दिनेश चंद्र वैद्य, पूर्व सीनियर मैनेजर गजानंद शर्मा, पूर्व आबकारी एवं कराधान आयुक्त नरेंद्र कौशिक, नरेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश सैनी, सरपंच प्रतिनिधि एवं प्रवीण यादव व अन्य ने शोक व्यक्त किया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण का शेड्यूल जारी

**नारनौल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपमा अंजली के निर्देशानुसार पंचायत भवन में 71 नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलए दो की कार्यशाला का तीन चरणों में आयोजन किया। मास्टर ट्रेनर साकेत कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों व बीएलए दो को एसआईइआर के संबंध में आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों के बारे में बताते हुए कहा 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं को इन्युमरेशन फॉर्म वितरित किए जाएंगे।

### जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाने से समाज को मिलेगी परोपकार की प्रेरणा

# उड़ान जनसेवा ट्रस्ट व युवा साथी ग्रुप हरियाणा के कैंप में 101 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते समाजसेवी डॉ. गजेसिंह चोपड़ा व गोसेवक सुधीर चौधरी। फोटो : हरिभूमि

युवा साथी ग्रुप हरियाणा एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सदस्य साहिल सिंगर व योगेश सैनी ने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया। जिसमें महंत शीतलदास व महंत सुमित मुख्य रूप से मौजूद रहे। समाजसेवी सुधीर चौधरी व डॉ. गजेसिंह चोपड़ा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया, जिससे बीमार व दुर्घटनाग्रस्त पीड़ितों का जीवन बच सकेगा।

उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर केक काटने तथा महंगे गिफ्ट वितरित करने की परंपरा बनी है। जिससे सामाजिक रूतबा तो बढ़ सकता है, लेकिन सामाजिक एकता नहीं बढ़ पाएगी। इसके लिए सामूहिक विकास और सहयोगात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता देना अनिवार्य है। युवाओं को परिवार में जन्मोत्सव या अन्य खुशियों के अवसर पर पौधारोपण व रक्तदान शिविर का आयोजन करना चाहिए, क्योंकि बीमार या दुर्घटनाग्रस्त को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, लेकिन रक्त मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं होता ना ही करोड़ों खर्च करके रक्त का उत्पादन किया जा सकता है। मानव के शरीर में रक्त का निःशुल्क उत्पादन होता है, जिनके डोनेट करने पर ही पीड़ितों के जीवन की रक्षा हो पाएगी।

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वालों को बीपी, हार्ट व मोटापा जैसी बीमारियों से निजात मिलती है, साथ ही रक्तदाता के शरीर में कोई कमजोरी या परेशानी नहीं होती। तीन महीने बाद जरूरत पड़ने पर दुबारा रक्तदान कर सकते हैं, क्योंकि शारीरिक तंत्रों द्वारा एक महीने में ही पूर्ति कर ली जाती है। उन्होंने बताया कि कैंप में सुबह आठ बजे पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें 10 बजे तक 180 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। चेकअप रिपोर्ट के आधार पर 101 युवाओं को रक्तदान करने की अनुमति दी गई है। कार्यक्रम में प्रधान टिंकू, बिरेंद्र सिंह, दलीप सैनी, महेंद्र सैनी, बलबीर प्रधान, रामसिंह सैनी, लालाराम सैनी, जिला पार्षद प्रदीप शर्मा, बंटी एडवोकेट, राजू किलानिया, छविकांत, गौतम नंबरदार, मनीष सैनी, महावीर मिस्त्री ने सहयोग किया।



नारनौल। सचिवालय में एकत्रित हाईटेंशन से प्रभावित किसान। फोटो : हरिभूमि

# खेतड़ी-नरेला हाईटेंशन लाइन प्रभावित किसानों ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- मार्केट रेट प्रक्रिया आगे बढ़ाने का भरोसा, मुआवजा के मुद्दे के समाधान की उठी मांग

जिला सचिवालय खेतड़ी-नरेला हाईटेंशन लाइन से प्रभावित किसानों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्केट रेट कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने किसानों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की दिशा में मार्केट रेट प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा।

बैठक में कमेटी के चेयरमैन अनिरुद्ध यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मार्केट रेट निर्धारण की प्रक्रिया निश्चित रूप से आगे बढ़ेगी तथा इस कार्य में पावरग्रिड की ओर से किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से धैर्य बनाए रखने और अपने दस्तावेजों को व्यवस्थित रखने का आग्रह किया।

इस दौरान किसान प्रतिनिधि मनोज कुमार (गुढ़ा) ने किसानों की ओर से अपनी बात रखते हुए कहा कि हाईटेंशन लाइन से प्रभावित मकानों, ट्यूबवेलों तथा अन्य संरचनाओं के मुआवजे के निपटारे को लेकर पावरग्रिड की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने इस मामले में जल्द समाधान निकालने की मांग उठाई। मनोज कुमार ने प्रभावित किसानों से अपील की कि वे अपनी संपत्तियों की वैल्यूएशन से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज और तथ्य एकत्रित करें, ताकि मुआवजे के दावों को मजबूती से रखा जा सके। उन्होंने किसानों से एकजुट रहकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का भी आह्वान किया।

बैठक में रामनिवास पटोदा, मास्टर हवासिंह, मुकेश यादव, हवासिंह खेड़ा, सरपंच सुकर्मपाल, संदीप, श्याम बचिनी, रवींद्र, सोनू, अमित, जसवंत, ओमप्रकाश, प्रदीप गुढ़ा, अंकित चामधेड़ा, मदन सहित बड़ी संख्या में प्रभावित किसान मौजूद रहे। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और संबंधित एजेंसियां उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कर उचित मुआवजा सुनिश्चित करेंगी।

### पुलिस ने अवैध देशी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपित को किया गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपित पहले भी कई जघन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 जून को सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम मोडा वाला मंदिर, देवास रोड के पास मुस्तैदी से तैनात थी। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपित की पहचान राहुल निवासी खातोद के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा जब आरोपित की नियमानुसार तलाशी ली गई, तो उसके पास से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार और जिंदा कारतूस को जब्त कर लिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ पहले भी गंभीर मामले दर्ज हैं।

### ओमपति की चिता की राख ठंडी भी नहीं हुई कि हो गई एक और हत्या

# महिला की निर्मम हत्या, बिलख रहा 2 साल का मासूम, 2 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

गांव चेलावास में खौफ और मातम का ऐसा मंजर पसरा है, जिसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया है। अभी चंद दिन पहले ही जमीनी विवाद में 55 वर्षीय महिला ओमपति की तेजधार हथियारों से बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। जिसकी चिता की राख पूरी तरह ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि बीती रात गांव में एक और दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ गई। लगातार हुई इन दो निर्मम हत्याओं से पूरा इलाका सहमा हुआ है व ग्रामीणों के दिलों में दहशत घर कर गई है। सिटी कनीना पुलिस ने मृतका के पति मनोज पुत्र राजकपूर की शिकायत पर अमित व मनोज पुत्र राजपाल के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत केस दर्ज किया है।



मृतक अंजली।

जानकारी के अनुसार बुधवार रात्रि अमित ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गहरी चोट लगी। इस वजह से उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान 25 वर्षीय अंजली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमित ने अपने भाई मनोज की पत्नी अंजली के साथ मारपीट कर घटना को अंजाम दिया है।

इस खौफनाक वारदात का सबसे कारुणिक पहलू यह है कि मृतका का महज दो वर्ष का मासूम बेटा अब इस दुनिया में बिना मां के रह गया है। मां का लहूलुहान शव देखकर वह नादान बच्चा पूरी रात फूट फूटकर विलखता रहा। उसे यह भी नहीं मालूम कि उसकी ममता का साया हमेशा के लिए छिन चुका है। उस अबोध बालक का रो रो कर बुरा हाल है, जिसे देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गई।

### मनोज ने पुलिस को बताई बड़े भाई की करतूत

गांव चेलावास वासी मनोज पुत्र राजकपूर ने सिटी कनीना में दी शिकायत में बताया है कि माता पिता का देहांत हो चुका है। हम दो भाई व दो बहन है। वह और उसकी बहनें शादीशुदा है। बड़ा भाई अमित उर्फ गरडु अविवाहित है। यूपी के अमेली जिला के गांव रामनगर वासी राजकरण की बेटी अंजली से मेरी शादी हुई। अंजली की उम्र 23 साल है। हम दोनों भाई एक ही मकान में रहते है। बड़ा भाई शराब पीने का आदि है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब छह बजे भाई अमित शराब के नशे में घर पर आया था। पत्नी से पैसे मांगने लगा। पत्नी ने पैसा नहीं होने की बात कही। अमित ने कहा मनोज पुत्र राजपाल 30 हजार रुपये मांगता है। यह जो मनोज पुत्र राजपाल इसको शराब पिलाता है। इस वजह से उसने अंजली के साथ झगड़ा किया। इसके सिर में लठ मारा। इसी वजह से अंजली की मौत हुई। अमित पुत्र राजकपूर को मनोज पुत्र राजपाल 3-4 दफा यहां से पहले भी छुड़वा चुका है। ये मास्टर माइंड है। इसकी वजह से अमित ने अंजली की हत्या कर दी। लठ मारने के बाद फरार हो गया और अंजली ने अस्पताल लाते वक्त दम तोड़ दिया। अमित पुत्र राजकपूर और मनोज पुत्र राजपाल गांव चेलावास के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### गांव में चंद दिनों में दो की हत्या

एक ही गांव में बैक टू बैक हुई इन दो हत्याओं ने स्थानीय पुलिस प्रशासन की गश्त और सुरक्षा दावों पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस शव का पंचनामा करवाने में जुटी हुई थी।

### क्या कहती हैं डीएसपी

इस बारे में कनीना डीएसपी डॉ. कविता ने बताया कि मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है तथा परिजनों की शिकायत पर हत्यारोपित के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

### गिरफ्तारी के लिए टीमें मार रहीं छापे

थाना अध्यक्ष कनीना राकेश कुमार ने बताया कि मृतका के पति मनोज कुमार की शिकायत पर जेठ अमित कुमार व इसके साथी मनोज कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर शव का पंचनामा करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्यारोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# एमएलएस डीएवी स्कूल में छात्राओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

- छात्राओं की सुविधा व स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में सैनिटरी वेंडिंग मशीन स्थापित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम के दौरान अतिथिगण व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में छात्राओं व शिक्षिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ उपप्रधान अनिल कुमार राव पूर्व आईजी हरियाणा पुलिस व सुनीता बहल ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता व मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

अनिल कुमार राव व सुनीता बहल ने छात्राओं के स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते उच्च गुणवत्ता वाले 1500 सैनिटरी नैपकिन स्कूल को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। विशेष रूप से किशोरावस्था में लड़कियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता अपनाने, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की झिझक छोड़कर जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं की सुविधा व स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में एक सैनिटरी वेंडिंग मशीन भी स्थापित की गई। इस मशीन के माध्यम से छात्राओं को आवश्यकता पड़ने पर आसानी से सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध हो सकेंगे। इस पहल से छात्राओं को विद्यालय में बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा वे अधिक आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने इस सराहनीय पहल के लिए डीएवी प्रबंधन व चेयरमैन अनिल कुमार राव का आभार व्यक्त किया।

# एसडीएम ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित तहसील कार्यालय, पशुपालन एवं डेयरी, महिला एवं बाल विकास तथा रोजगार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागों की कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति तथा आमजन को प्रदान की जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान हाजिरी रजिस्टर की जांच की तथा अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अनुपस्थित पाये वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टी लगाई व विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालयों में अनुशासन, साफ-सफाई तथा रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। एसडीएम ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



महेंद्रगढ़। औचक निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से बात करते एसडीएम।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का सही व पारदर्शी होना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। कांग्रेस के बीएलओ व कार्यकर्ताओं को एसआईआर का प्रशिक्षण देते विनय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

बहरोड़ पर स्थित जाट धर्मशाला में कांग्रेस पार्टी के बूथ लेवल अधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन विधायक मंजू चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें रिटायर्ड आईएएस एवं भिवानी महेंद्रगढ़ पर्यवेक्षक विनय सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला प्रधान सतबीर झुकिया ने कार्यकर्ताओं को एकजुट व संगठित रहने के लिए प्रेरित किया।

पर्यवेक्षक विनय सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर की प्रक्रिया की जानकारी दी। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए, मतदाता सूची का सही और पारदर्शी होना आवश्यक है। इसलिए, कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ क्षेत्रों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य पर सतर्कता के साथ नजर रखना जरूरी है, यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता संज्ञान में आती है, तो तुरंत संगठन तक पहुंचाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है और सत्ता में बने रहने के लिए विभिन्न हथकंडे अपना रही है।

### कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : मंजू चौधरी

विधायक मंजू चौधरी ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं और संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही शुरू होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने तथा पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम छूटना नहीं चाहिए और ना ही किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल होना चाहिए। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सत्यपाल दहिया, होशियार रावत समेत कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, बीएलओ व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग का आह्वान

**कनीना।** सीएचसी सेहलंग में एसएमओ डॉ. प्रभा यादव के नेतृत्व में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे व कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने तथा समाज में बेटियों को समान अधिकार और सम्मान दिलाने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में लिंगानुपात सुधारना तथा कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध जन जागरूकता बढ़ाना रहा। सभी ने मिलकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग करने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### संदीप ने शूटिंग में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** पीआरबीएस लॉ कॉलेज के छात्र संदीप चाहर ने नई दिल्ली के तुगलाबाद स्थित डॉ. करण सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 11वीं हरियाणा राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज और जिले का नाम रोशन किया है।



गत 2 जून से 12 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में संदीप चाहर ने शूटिंग के दो विभिन्न इवेंटों में भाग लेते हुए, उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर पीआर बीएस लॉ कॉलेज के डायरेक्टर एवं महेंद्रगढ़ कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू शर्मा ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि संदीप चाहर कॉलेज के एक प्रतिभावान एवं मेहनती छात्र हैं।

**चैंपियनशिप** स्वर्ण पदक जीतकर जिले, प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया रोशन

### अहमदाबाद में लहराया परचम, क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर

# खातीवास की बेटी अर्चना ने विश्व योगासन चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

जिले के गांव खातीवास की बेटी अर्चना जोतरीवाल उर्फ मोना ने प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले, प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से गांव खातीवास सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। गुजरात के अहमदाबाद में 4 से 8 जून तक आयोजित प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलों के बीच अर्चना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अर्चना, जगदीश जोतरीवाल की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि की खबर मिलते ही परिवार, ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों में उत्साह का माहौल बन गया।

सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अर्चना की इस ऐतिहासिक सफलता ने न केवल खातीवास गांव बल्कि पूरे महेंद्रगढ़ जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं और विशेषकर बेटियों को खेल एवं योग के क्षेत्र में आगे बढ़ने की नई प्रेरणा मिली है।



महेंद्रगढ़। स्वर्ण पदक के साथ अर्चना। फोटो : हरिभूमि

### अपनी मेहनत, लगन से हासिल किया मुकाम

ग्रामीणों का कहना है कि अर्चना ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। स्वर्ण पदक विजेता अर्चना (मोना) ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रशिक्षकों और निरंतर अभ्यास को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए गर्व का विषय है, लेकिन उनका लक्ष्य अभी और ऊंचा है। भविष्य में भी वह कड़ी मेहनत कर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करने का प्रयास करती रहेंगी।